# पुलिस एवं पर्यवेक्षण अधिकारियों के लिए ई-चालान पर प्रशिक्षण




दिनांक 12.06.2023 से 13.06.2023 एवं 16.06.2023 से 17.06.2023 को एचएमवी(HMV) ड्राइवर ट्रेनिंग स्कूल, छतिया में हाईवे पेट्रोलिंग वाहनों के लिए तैनात विशेष पुलिस अधिकारियों और पर्यवेक्षण अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम व्यापक रूप से एंड्रॉइड मोबाइल ऐप और वेब आधारित एप्लिकेशन का उपयोग करके प्रवेर्तन के व्यापक समाधान के लिए ई-चालान जारी करने पर केंद्रित था। क्राइम ब्रांच के आईजी सहित 200 से अधिक पुलिस अधिकारी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए।





श्री पी.के.नायक, वरिष्ठ निदेशक (आईटी), एनआईसी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया।

# पुलिस एवं परिवहन अधिकारियों के लिए iRAD एवं eDAR पर प्रशिक्षण

8 पुलिस रेंज कार्यालयों के पुलिस अधिकारियों और परिवहन अधिकारियों के लिए एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस (आईआरएडी) तथा ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट (ईडीएआर) परियोजना पर 4 जुलाई, 2023 से 25 जुलाई तक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन 4 जुलाई 2023 को पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस आयुक्त (सीपी)श्री सौमेन्द्र प्रियदर्शी ने किया। उद्घाटन समारोह में श्री अमिताभ ठाकुर ,परिवहन आयुक्त, ओडिशा और श्री पी.के. नायक, वरिष्ठ निदेशक (आईटी), एनआईसी उपस्थित थे।



Inauguration by Sri SoumendraPriyadarshi, CP

श्री पी.के. नायक, वरिष्ठ निदेशक (आईटी), एनआईसी, ओडिशा ने राज्य में दुर्घटनाओं और इसके चलते मृत्यु दर को कम करने के लिए iRAD/eDAR का कार्यान्वयन, इसकी विशेषताओं और फायदों पर प्रकाश डाला । साथ ही साथ सभी डीआरएम(DRMs) को आईआरएडी/ईडीएआर (iRAD/eDAR) के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने की सलाह दी।

पुलिस आयुक्त ने आईआरएडी एप्लिकेशन के माध्यम से डेटा संग्रह और सभी लाइव दुर्घटनाओं की रिपोर्टिंग के लिए एनआईसी और डीआरएम के प्रयासों की सराहना की। आईआरएडी एप्लिकेशन के माध्यम से सभी लाइव दुर्घटनाओं की रिपोर्टिंग। परिवहन आयुक्त ने आईआरएडी (iRAD) के सफल कार्यान्वयन के लिए सभी हितधारकों के बीच उचित समन्वय का महत्व पर प्रकाश डाला।





## बालासोर तथा सम्बलपुर में प्रशिक्षण

भुवनेश्वर में, प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन एसआरएम(SRM) श्री राजीव कुमार महापात्र और डीआरएम(DRM) खोर्धा ने किया ।
इसी प्रकार अन्य पुलिस रेंज में संबंधित जिले के डीआरएम(DRM) द्वारा संबंधित जिला सूचना विज्ञान अधिकारियों की सक्षम मार्गदर्शन में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।


प्रशिक्षण में उपस्थित सहभागी